# IC15 क्रिप्टोकरेंसी इंडेक्स (IC15 Cryptocurrency Index)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/ic15-cryptocurrency-index

• हाल ही में, **सुपरएप क्रिप्टोवायर ने भारत के पहले क्रिप्टोकरेंसी इंडेक्स, IC15 का शुभारंभ** किया। यह बाजार पूंजीकरण द्वारा प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध सर्वाधिक व्यापक रूप से कारोबार वाली 15 क्रिप्टोकरेंसी के प्रदर्शन को मापेगा।

• इसका उद्देश्य **क्रिप्टोकरेंसी और ब्लॉकचेन पारितंत्र के बारे में जागरूकता** व ज्ञान बढ़ाना तथा निवेशकों की **वर्चुअल कॉइन ट्रेडिंग के संदर्भ में समझ विकसित करने में मदद करना** है।

• सूचकांक में शामिल की जाने वाली **क्रिप्टोकरेंसी का चयन** डोमेन विशेषज्ञों, उद्योग व्यवसायियों और शिक्षाविदों को शामिल करके गठित की गई **'इंडेक्स गवर्नेंस कमेटी' (IGC) करेगी।** इस सूचकांक की तिमाही आधार पर समीक्षा भी की जाएगी।

• 1 जनवरी, 2022 तक, इस सूचकांक में बिटकॉइन, एथेरियम, बिनेंस कॉइन और सोलाना को शीर्ष चार क्रिप्टोकरेंसी के रूप में शामिल किया गया है।